2016/00227

	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तालीम में जारी हुए
...024	पत्रावली पेश हुई । वकील उभय पक्ष उप. ।रेस्पोडेन्टस जवाब प्रार्थना हेतु अवसर चाहते है। अवसर चाहते है अवसर दिया जाता है। पत्रावली वास्ते जवाब व बहस प्रार्थना हेतु दिंनाक 30.09.2024 को पेश हो।	
30.09.2024	पत्रावली पेश हुई। हमने पत्रावली का आद्यौपांत अवलोकन किया। हस्तगत अपील में अपीलार्थी द्वारा नामान्तकरण संख्या 113 निर्णय दिनांक 15.07.2015 के विरूद्ध प्रस्तुत की गई है। उक्त नामान्तरकरण तहसीलदार निम्बाहेड़ा द्वारा निर्णित किया गया है, जिसकी ताईद अपीलार्थी द्वारा प्रस्तुत नकल नामान्तरकरण संख्या से होती है। राजस्व (ग्रुप–06) विभाग राजस्थान सरकार के पत्रांक 5(8) राजस्व–6/97 दिनांक 19.09.2006 एवं 27.01.2007 के अनुसरण में राजस्थान भू राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 135(1) के तहत तहसीलदार द्वारा निर्णित अविवादित नामान्तरकरण की अपील सुनवाई के अधिकार राजस्थान भू राजस्व अधिनियम, 1956 की धारा 75(1)(ए) में अंकित प्रावधानों के अनुसार जिला कलेक्टर महोदय को है। ऐसी स्थिति में हस्तगत अपील की सुनवाई का अधिकार इस न्यायालय को प्राप्त नहीं है। अतः हस्तगत अपील की सुनवाई की क्षेत्राधिकारिता इस न्यायालय का प्राप्त नहीं है। अतः हस्तगत अपील में कार्यवाही इस स्तर पर ड्रोप की जाकर प्रकरण सुनवाई हेतु श्रीमान् जिला कलक्टर महोदय, चित्तौड़गढ़ को प्रेषित किया जाना उचित प्रतीत होता है। अतः प्रकरण में इस न्यायालय में कार्यवाही इसी स्तर पर समाप्त की जाकर मूल पत्रावली श्रीमान् जिला कलक्टर महोदय, को प्रेषित की जाती है। पत्रावली का मुसन्ना कायम किया जाकर दाखिल दफ्तर किया जावें, तद्नुसार अभिलेखों में अंकन किया जावें। उपखण्ड अधिकारी निम्बाहेड़ा	

Signature Not Verified

Digitally signed by Vikas Pancholi
Date: 2025.01.29 14:42:45 IST
Reason: SelfAttested

Scanned by CamScanner